दिनांकः 26.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम–2026 के तहत आज बंगलूरू में रोड़ शो–मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शामिल होंगे।
- कोटा में महिला सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए पिंक पेट्रोलिंग वेन शुरू की जाएगी।
- राज्य के कई जिलों में लू के हालात जारी–46 डिग्री तापमान के साथ बाड़मेर सबसे गर्म–वहीं कुछ स्थानों पर आंधी–बारिश का दौर चला।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी से इस कार्यक्रम का क्षेत्रीय भाषाओं में भी प्रसारण किया जाएगा।

केन्द्र सरकार ने नीति आयोग का पुनर्गठन कर अर्थशास्त्री अशोक कुमार लाहिड़ी को आयोग का उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री लाहिडी, वर्तमान उपाध्यक्ष सुमन बेरी का स्थान लेंगे। राजीव गौबा, के.वी. राजू, गोबर्धन दास, एम.श्रीनिवास और अभय करंदीकर को आयोग का पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नीति आयोग देश की नीति–निर्माण संरचना में महत्वपूर्ण है। यह सहकारी संघवाद को बढ़ावा देता है, सुधारों को आगे बढ़ाता है और जीवन को सुगम बनाता है। श्री अशोक कुमार लाहिड़ी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के प्रयासों से देश में नीति निर्माण को नई ऊर्जा मिलेगी। श्री लाहिड़ी ने कहा कि देश के विकास के लिए नीति, निष्ठा और नीयत के साथ काम करना होगा।

..............

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम–2026 के तहत आज बंगलुरु में रोड़ शो का आयोजन किया जा रहा है। कृषि विभाग की ओर से हो रहे इस कार्यक्रम में एग्रीटेक क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने और तकनीकी साझेदारी को बढ़ावा देने के प्रयास किये जाएंगे। साथ ही राजस्थान की कृषि क्षमताओं और नीतिगत प्रोत्साहनों को उद्योग जगत के सामने पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस दौरान कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भी राज्य में कृषि और एग्रीटेक विकास की रणनीतियों पर अपने विचार साझा करेंगे। गौरतलब है कि मई महीने में जयपुर में होने वाले ग्राम–2026 के आयोजन के लिए दिल्ली में भी रोड़ शो किया जा चुका है।

बालोतरा की पचपदरा रिफाइनरी से मई के आखिर तक उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है। एचपीसीएल ने सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए बताया कि पिछले दिनों लगी आग से छह हीट एक्सचेंजर और उनके सहायक उपकरणों को नुकसान पहुंचा है, जिनके पुर्नस्थापन का काम शुरू कर दिया गया है। ये काम तीन से चार सप्ताह में पूरा होने की संभावना है।

रीको के बीचून औद्योगिक क्षेत्र में जयपुर डेयरी का नया प्लांट लगाया जाएगा। रीको ने डेयरी को इसके लिए 15 हैक्टेयर भूमि का स्वीकृति पत्र जारी किया है। प्रस्तावित संयंत्र में मिल्क प्रोसेसिंग, पैकेजिंग के लिए पॉलीफिल्म उत्पादन और मक्खन भंडारण की सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे जयपुर और आस–पास के क्षेत्रों में डेयरी उत्पादों के वितरण में बढ़ोतरी होगी। लगभग 540 करोड़ रुपये की लागत से लगने वाले इस प्लांट से 1 हजार से अधिक युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से

रोजगार मिल सकेगा। गौरतलब है कि जयपुर शहर के पास होने के कारण बीचून, निवेशकों का मनपंसद औद्योगिक क्षेत्र बनता जा रहा है। यहां रीको की प्रत्यक्ष आवंटन योजना के तहत भूखंडों का आवंटन किया जा रहा है।

बारां रेलवे स्टेशन पर तिरुचिरापल्ली जोधपुर हमसफर एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दी गई है। लम्बे समय से इस ट्रेन के ठहराव की मांग की जा रही थी। रेल मंत्रालय की मंजूरी से बारां का सीधा सम्पर्क अब बंगाल और दक्षिण भारत से हो सकेगा।

कोटा में महिला सुरक्षा और त्वरित सहायता के लिए पिंक पेट्रोलिंग वैन शुरू की जाएगी। साथ ही जिले के प्रमुख इलाकों को सीसीटीवी नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कल कोटा सर्किट हाउस में निर्भया फंड के प्रस्तावित कामों की समीक्षा की। श्री बिरला ने महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।
उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा केवल व्यवस्था का विषय नहीं है, बल्कि समाज के विश्वास से जुड़ा मुद्दा है। श्री बिरला ने कोटा में कोचिंग के लिए आने वाली छात्राओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिये जाने को कहा। उन्होंने इसके लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण और साइबर जागरुकता अभियानों को तेज़ करने के निर्देश दिये। श्री बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सांगोद क्षेत्र के लिए डेढ़ सौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात दी। इनमें स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और कृषि क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने वाली परियोजनाएं शामिल हैं। मीडिया से बातचीत में श्री बिरला ने कहा कि हर गांव–हर खेत को मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

............

ऊर्जा मंत्री श्री नागर ने खेतों के रास्ते पक्के करने की सराहना करते हुए कहा कि इससे उत्पादन लागत कम होगी।

............

राज्य के विभिन्न हिस्सों में कल मौसम के अलग–अलग रूप नज़र आए। प्रदेश का एक बड़ा हिस्सा, जहां भीषण गर्मी और लू की चपेट में रहा, वहीं सात स्थानों पर आंधी–बारिश की गतिविधियां चलीं और राजसमंद में ओले भी गिरे। मौसम विभाग के अनुसार कल छह शहरों में पारा 44 डिग्री के पार दर्ज किया गया। वहीं बाड़मेर 46 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। हालांकि प्रचंड गर्मी के बाद कल दोपहर बाद जिले में बारिश का दौर भी चला। जयपुर, बीकानेर, पिलानी, सीकर और सवाईमाधोपुर में भी कहीं–कहीं हल्की बरसात हुई। गंगापुरसिटी में आधे घंटे तेज पानी बरसा। उधर, भीलवाड़ा में दिनभर तेज़ गर्मी और उमस के बाद मौसम बदला। हमारे संवाददाता ने बताया कि शाम होते–होते व्यापक बरसात हुई।

............

विभाग ने आज प्रदेश के पश्चिमी और उत्तर–पूर्वी हिस्सों के लिए हीटवेव की चेतावनी दी है। वहीं 16 जिलों में आंधी चलने के साथ ही हल्की बारिश हो सकती है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में तापमान में लगातार बढ़ोतरी और लू के हालात के मद्देनजर दिशा–निर्देश और परामर्श जारी किये गये हैं। कई जिलों में आठवीं कक्षा तक के लिए स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। लू के प्रकोप को देखते हुए वीबी जीरामजी मनरेगा के समय में भी परिवर्तन किया गया है।

आई.पी.एल. क्रिकेट में कल रात सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को पांच विकेट से हरा दिया। जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में खेले गये इस मैच में राजस्थान रॉयल्स के 229 रनों के जवाब में हैदराबाद की टीम ने 19 ओवर और तीन गेंद में लक्ष्य हासिल कर लिया।